## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 27.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर भक्ति और उल्लास चरम पर, छठव्रती आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित करेंगे अर्ध्य, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
- छठ महापर्व के दौरान पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, दस हजार से अधिक पुलिस जवानों की हुई तैनाती।
- चुनाव आयोग आज देशभर में होने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण–एसआइआर की तारीखों का करेगा ऐलान, झारखंड में निकाय चुनाव के बाद एसआईआर होने के संकेत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित एकता दौड़ में भाग लेने का किया आग्रह।
- स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को रैपिड किट से एचआईवी संक्रमण की जांच करने पर लगायी रोक, आधुनिक मशीनों से जांच का दिया निर्देश।

*********************

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर पूरे राज्य में भक्ति और उल्लास देखने को मिल रहा है। पर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। सभी जिलों में पहले अर्घ्य की तैयारी पूरी कर ली गई है। विभिन्न नदी घाटों और जलाशयों को साफ–सफाई के बाद रंग–बिरंगी लाईटों से सजाया गया है। हर घाट में सामान्य नागरिक सुविधाएं भी अस्थाई रूप से स्थापित की गई हैं।
इधर छठ घाटों में आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने का निर्देश दिया है। इसके आलोक में पूरे राज्य में दस हजार से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है। विशेष उपकरणों को भी स्थापित किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। उप राजधानी दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि जिले में व्रतियों की सुविधा के लिए हर संभव उपाय किये गये हैं।

*********************

वहीं, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि सभी घाटों पर महिला और पुलिस सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

इधर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व सूर्य देव और छठी मईया की पूजा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने आशा जताया कि छठ पर्व लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा। वहीं उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह महापर्व प्राकृतिक संतुलन, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का उदहारण है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व प्रकृति की महानता को दर्शाता है।

*********************

कोडरमा जिले में जीएसटी दरों में सुधार और दूसरी तरफ बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से छठ का बाजार गुलजार है और लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है।

*********************

भारत निर्वाचन आयोग आज देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण– एसआईआर कराने की घोषणा करेगा। जानकारी के अनुसार पहले चरण में 10 से 15 राज्यों में एसआईआर होगी। यह वे राज्य होंगे, जहां अगले एक साल में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल है। चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया है कि उन राज्यों में एसआईआर अभी नहीं होगा, जहां स्थानीय निकायों के चुनाव होना है क्योंकि निचले स्तर पर कर्मचारी निकाय चुनाव में व्यस्त होंगे। निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद इन राज्यों में होगा। इससे स्पष्ट है कि झारखंड में निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद एसआईआर होगी।

*********************

चुनाव आयोग ने पीठासीन पदाधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतदान की मॉक ड्रिल कराना अनिवार्य कर दिया है। मतदान केंद्रों में प्रत्येक पीठासीन पदाधिकारी को कम–से–कम 100 वोट डालकर उनके वीवीपैट पर्ची का मिलान करना होगा। यह अभ्यास मतदान प्रक्रिया की सटीकता और अधिकारियों की तकनीकी समझ को परखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके आलोक में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने घाटशिला उपचुनाव को लेकर मॉक ड्रिल के बाद प्रत्येक प्रशिक्षित अधिकारी से इस संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को पूरे देश में एकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से इसमें भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल तथा उनके अखंड भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने का आग्रह किया है।

*********************

इधर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को देशभर की नदियों से एकत्रित जल से नयी दिल्ली स्थित उनकी प्रतिमा पर जलाभिषेक किया जाएगा। जल संगम से जन संगम कार्यक्रम के तहत यह जलाभिषेक होगा। इसे लेकर प्रमुख 25 नदियों का जल भव्य कार्यक्रम आयोजित कर संग्रह किया जाना है। इसके तहत झारखंड की स्वर्णरेखा नदी से भी जल उठाया जाएगा और इसे अभिषेक के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

*********************

चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने जिलों में रैपिड किट से एचआईवी संक्रमण की जांच बंद कर नैट या एलिसा जैसी आधुनिक मशीनों से जांच करने का निर्देश जारी किया। साथ ही उन्होंने सभी सिविल सर्जनों को ब्लड बैंकों की जांच कर ऑडिट रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।

**********************

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नेल्सन एयोन बागे 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। वे अभी कोल्हान आयुक्त के पद पर हैं। उनकी सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद रिक्त हो जायेगा। बता दें कि राज्य सरकार ने 17 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर उन्हें कोल्हान आयुक्त का प्रभार सौंपा था। इतने कम समय के लिए आयुक्त का प्रभार देने के सरकार के निर्णय पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**********************

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले में पूर्वी सिंहभूम का दबदबा रहा। अंडर–19 बालिका वर्ग में अर्चिता डे ने जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले में सानिया बनर्जी ने खिताब जीता। अंडर–19 बालक वर्ग के फाइनल में अनिल कुमार मेहता ने अपने ही भाई नीतीश मेहता को हराकर खिताब पर कब्जा किया। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में शिवजी रॉय ने जीत दर्ज की।

**********************